# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस: सशस्त्र बलों में महिलाएँ

## प्रीलिम्स के लिये:

भारत की महिला श्रम बल भागीदारी, अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में महिलाएँ ILO, वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक।

## मेन्स के लिये:

सशस्त्र बलों में महिलाओं की स्थिति, भारत में महिला श्रम बल की भागीदारी।

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस** के अवसर पर **ग्रुप कैप्टन शालिज़ा धामी** का चयन **पश्चिमी क्षेत्र** (पाकिस्तान का सामना करने वाली) में **एक फ्रंटलाइन लड़ाकू इकाई** की कमान संभालने के लिये किया गया है।

- वह **पश्चिमी क्षेत्र में मिसाइल स्क्वाड्रन की कमान संभालने वाली भारतीय वायु सेना की पहली महिला अधिकारी** होंगी।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस:

- **परिचय:** यह प्रतिवर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है। इसमें शामिल है:
    - महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न
    - महिलाओं की समानता के बारे में जागरूकता बढ़ाना
    - त्वरित लैंगिक समानता के लिये लॉबिंग
    - महिला-केंद्रित अनुदान आदि के लिये धन उगाहना।
- **संक्षिप्त इतिहास:**
    - महिला दिवस **पहली बार वर्ष 1911 में क्लारा ज़ेटकिन** द्वारा मनाया गया था, जो एक जर्मन महिला थीं। इस **उत्सव की शुरुआत पूरे यूरोप और उत्तरी अमेरिका में श्रमिक आंदोलन के दौरान** हुई थी।
        - हालाँकि **पहली बार वर्ष 1913 में यह समारोह 8 मार्च** को **मनाया गया** था और तब से इसी दिन मनाया जाता है।
    - **वर्ष 1975 में** [संयुक्त राष्ट्र](संयुक्त राष्ट्र) द्वारा **पहली बार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया** गया।
        - दिसंबर 1977 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपनी ऐतिहासिक और राष्ट्रीय परंपराओं के अनुसार सदस्य देशों द्वारा वर्ष के किसी भी दिन मनाए जाने वाले **महिला अधिकारों और अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिये संयुक्त राष्ट्र दिवस** की घोषणा करते हुए एक प्रस्ताव अपनाया।
- **थीम:**
    - संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, 2023 की थीम **"डिजिटऑल: लैंगिक समानता के लिये नवाचार और प्रौद्योगिकी"** है और इसका उद्देश्य लैंगिक मुद्दों को प्रकाश में लाने में प्रौद्योगिकी के महत्त्व पर ज़ोर देना है।

## सशस्त्र बलों में महिलाओं की स्थिति:

- **पृष्ठभूमि:**

- **भारतीय वायु सेना में वर्ष 2016 में महिला फाइटर पायलटों को शामिल** किया गया। पहले बैच में तीन महिला फाइटर पायलट शामिल थीं, जो वर्तमान में मिग-21, Su-30MKI और राफेल **उड़ाती हैं।**
- महिला अधिकारियों ने **इंजीनियरिंग, सिग्नल, आर्मी एयर डिफेंस, इंटेलिजेंस कॉर्प्स, आर्मी सर्विस कॉर्प्स, आर्मी ऑर्डनेंस कॉर्प्स और इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग सहित हथियारों** और सेवाओं में विभिन्न सेना इकाइयों की कमान संभालनी शुरू कर दी है।

- **वर्तमान सांख्यिकी:**
    - **सशस्त्र बलों में 10,493 महिला अधिकारी कार्यरत हैं,** जिनमें अधिकांश चिकित्सा सेवाओं में हैं।
    - भारतीय थल सेना तीनों सेवाओं में सबसे बड़ी होने के साथ ही इसमें **1,705 महिला अधिकारी (सबसे अधिक संख्या में) हैं, इसके बाद भारतीय वायु सेना में 1,640 महिला अधिकारी और भारतीय नौसेना में 559 महिला अधिकारी** हैं।
    - जनवरी 2023 में सेना ने पहली बार सियाचिन ग्लेशियर पर एक **महिला अधिकारी कैप्टन शिवा चौहान को तैनात किया है।**
    - **फरवरी 2023 में सेना ने पहली बार महिला अधिकारियों को चिकित्सा क्षेत्र से बाहर कमांड भूमिकाएँ सौंपना शुरू किया है।**
        - उनमें से लगभग **50 को उत्तरी और पूर्वी कमान के तहत परिचालन क्षेत्रों में कमांड इकाइयों हेतु नियुक्त किया गया है,** जो चीन के साथ भारत की सीमाओं की रखवाली करेंगी।
    - नौसेना ने महिला अधिकारियों को **फ्रंटलाइन जहाज़ों पर भी शामिल करना शुरू कर दिया है, जो पहले महिला अधिकारियों हेतु नो-गो ज़ोन था।**
        - **इनमें से कई को सेना की संवेदनशील उत्तरी और पूर्वी कमान में तैनात किया गया है।**

## लैंगिक समानता से संबंधित चिंताएँ:

- **वैश्विक:**
    - संयुक्त राष्ट्र महासचिव के अनुसार, लैंगिक समानता एक दूर का सपना बनता जा रहा है। **संयुक्त राष्ट्र महिला (UN Women) का अनुमान है कि अगर स्थिति ऐसी ही बनी रहीं तो 300 वर्ष का और अधिक समय लगेगा।**
    - **संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, कानूनी बाधाओं ने 2.7 बिलियन महिलाओं को पुरुषों के समान नौकरी के अवसर प्राप्त करने से रोका है।**
        - 2019 तक **सांसद महिलाएँ 25% से कम थीं।**
        - **तीन में से एक महिला लिंग आधारित हिंसा** का अनुभव करती है।
- **भारत के संदर्भ में:**
    - **सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकोनॉमी** (CMIE) के आँकड़ों के अनुसार, **दिसंबर 2021** तक पुरुष **श्रम बल भागीदारी दर (LFPR)** 67.4% थी, जबकि **महिला LFPR 9.4% था।**
    - यहाँ तक कि अगर कोई **विश्व बैंक** से डेटा प्राप्त करता है, तो **भारत की महिला श्रम बल भागीदारी दर लगभग 25% है,** जबकि वैश्विक औसत 47% है।
    - **वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक** (जो लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति को मापता है) में भारत वर्ष 2022 में 135वें स्थान पर खिसक गया।
        - हालाँकि हाल ही में **विश्व आर्थिक मंच** (WEF) **ने अपनी भविष्य की रिपोर्ट में देशों को रैंक प्रदान करने के लिये पंचायत स्तर पर महिलाओं की भागीदारी को ध्यान में रखते हुए** वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट के मानदंड में बदलाव करने पर सहमति व्यक्त की है। इससे वैश्विक स्तर पर भारत की स्थिति बेहतर होगी।
    - अंतर-संसदीय संघ (IPU), जिसमें भारत एक सदस्य है, द्वारा संकलित आँकड़ों के अनुसार **लोकसभा के कुल सदस्यों में से महिलाएँ केवल 14.44% का प्रतिनिधित्व करती हैं।**
    - **अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)** द्वारा 2018 में किये गए एक अध्ययन के अनुसार, **भारत की 95% से अधिक कामकाज़ी महिलाएँ अनौपचारिक श्रमिक हैं,** जो **बिना किसी सामाजिक सुरक्षा** के गहन श्रम, न्यूनतम-वेतन, अत्यधिक अनिश्चित रोज़गार/परिस्थितियों में काम करती हैं।

## सशस्त्र बलों में महिलाओं के समक्ष चुनौतियाँ:

- **सामाजिक चुनौतियाँ:**
    - पुरुष अधिकारियों वाली संरचना, मुख्य रूप से ग्रामीण पृष्ठभूमि के **प्रचलित सामाजिक मानदंडों** के साथ इकाइयों की कमान में महिला अधिकारियों को स्वीकार करने के लिये सैनिकों को अभी तक मानसिक रूप से प्रशिक्षित नहीं किया गया है।
    - शत्रु देश द्वारा **युद्ध बंदी की स्थिति में पकड़ी गई महिला अधिकारी के प्रति समाज की कम स्वीकार्यता है।**
- **शारीरिक चुनौतियाँ:**
    - **मातृत्व, बच्चों का पालन-पोषण और मनोवैज्ञानिक बाधाएँ** महत्त्वपूर्ण कारक हैं जो सेना में महिला अधिकारियों की भर्ती को प्रभावित करते हैं।
    - **गर्भावस्था, मातृत्व और विस्तारित घरेलू ज़िम्मेदारियों** के कारण महिलाओं के लिये इन सेवा संबंधी जोखिमों को संभालना मुश्किल हो सकता है, खासकर जब पति और पत्नी दोनों सैन्यकर्मी हों।
- **पारिवारिक मुद्दे:**
    - **सशस्त्र बलों** के सेवा कर्मियों को पारिवारिक **कर्तव्य के निर्वहन से परे बलिदान और प्रतिबद्धता** की आवश्यकता होती है, जिसमें **बार-बार स्थानांतरण जैसी परिस्थितियाँ शामिल हैं, जो बच्चों की शिक्षा और जीवनसाथी की नौकरी को प्रभावित करती है।**

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, पिछले वर्ष के प्रश्न:

## ???????????:

**प्रश्न. नम्निलखिति में से कौन-सा समूह वश्वि के देशों को उनके "ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स" के अनुसार रैंक प्रदान करता है? (2017)**

(a) वर्ल्ड इकोनॉमकि फोरम
(b) संयुक्त राष्ट्र मानवाधकिार परषिद
(c) यू एन वुमन
(d) वश्वि स्वास्थ्य संगठन

**उत्तर: (a)**

---

## ??????:

**प्रश्न.** समय और स्थान के संदर्भ में भारतीय महलिाओं को कनि संघर्षों का सामना करना पड़ता है? **(2019)**

**प्रश्न.** ववििधता, नष्पिक्षता और समावेशता सुनश्चिति करने के लयि उच्च न्यायपालका में महलिा प्रतनिधित्वि की वांछनीयता पर चर्चा कीजयि। **(2021)**

## स्रोत : इंडयिन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-women-s-day-women-in-armed-forces